भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 1683

उत्तर देने की तारीख 29 जुलाई, 2026 (बुधवार)

7 श्रावण, 1948 (शक)

प्रश्न

उत्तर-पूर्व विशेष अवसंरचना विकास योजना

†1683. **श्री विष्णु दयाल रामः**

श्री हँसमुखभाई सोमाभाई पटेलः

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तर-पूर्व विशेष अवसंरचना विकास योजना (एनईसएआईडीएस) के अंतर्गत स्वीकृत, पूर्ण हुई और कार्यान्वयनाधीन अवसंरचना परियोजनाओं की संख्या सहित घटक-वार हुई प्रगति का ब्योरा क्या है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 और 2026-27 के दौरान क्षेत्र-वार और राज्य-वार जारी की गई निधि का ब्योरा क्या है;

(ग) क्या वर्ष 2026 के दौरान एनईएसआईडीएस-सड़क अवसंरचना के अलावा (ओटीआरआई) घटक के अंतर्गत किसी नई परियोजना को मंजूरी दी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है; और

(घ) उक्त योजना के अंतर्गत निगरानी को मजबूत करने और परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के तहत उत्तर-पूर्व विशेष अवसंरचना विकास स्कीम (नेसिड्स) को वर्ष 2017-18 में केंद्रीय क्षेत्र की एक नई स्कीम के तौर पर अनुमोदन दिया गया था और वर्ष 2022-23 में इसे दो घटकों अर्थात नेसिड्स (सड़कें) और नेसिड्स (सड़क अवसंरचना के अलावा) में पुनर्गठित किया गया। इसके प्रारंभन से लेकर, नेसिड्स (ओटीआरआई) के तहत कुल 5,080.96 करोड़ रुपये की लागत वाली 160 परियोजनाएं मंजूर की गई हैं, जिनमें से 59 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। नेसिड्स (सड़कें) के तहत, 6,087.57 करोड़ रुपये की लागत वाली 130 परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं, जिनमें से 78 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

(ख) नेसिड्स (ओटीआरआई) के तहत, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कुल 699.48 करोड़ रुपये जारी किए गए और वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान (दिनांक 30.06.2026 तक) 247.74 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। इसी तरह, नेसिड्स (सड़कें) के तहत, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कुल 704.66 करोड़ रुपये जारी किए गए और वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान (दिनांक 30.06.2026 तक) 173.90 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। नेसिड्स के तहत जारी की गई निधि का सेक्टर-वार और राज्य-वार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ग) नेसिड्स (ओटीआरआई) के तहत, वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान (दिनांक 30.06.2026 तक) कुल तीन परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं, जिनकी लागत 64.33 करोड़ रुपये है।

(घ) उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में मंत्रालय द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं की निगरानी और इनका समयबद्ध समापन सुनिश्चित करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। मंत्रालय ने राज्य योजना विभागों और परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ बातचीत करने और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय की परियोजनाओं, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ नेसिड्स स्कीम की परियोजनाएं भी शामिल हैं, का डेटाबेस का रखरखाव करने और उसे अपडेट करने के लिए सभी 8 पूर्वोत्तर राज्यों में फील्ड स्तरीय तकनीकी सहायता इकाई (एफटीएसयू) को तैनात किया है। इनका कार्य उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय को नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करना और परियोजनाओं के लागू होने के बारे में फीडबैक देना है। एफटीएसयू उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय की स्कीमों, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ नेसिड्स स्कीम की परियोजनाएं भी शामिल हैं, के तहत अनुमोदित परियोजनाओं का फील्ड निरीक्षण भी करते हैं।

इसके अलावा, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय और उत्तर पूर्वी परिषद (एनईसी) के अधिकारी परियोजनाओं की समय-समय पर निगरानी और निरीक्षण करते हैं। मंत्रालय परियोजनाओं के लागू होने की प्रगति की समीक्षा करने के लिए पूर्वोत्तर की राज्य सरकारों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें करता है। उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय की निगरानी व्यवस्था को मज़बूत करने के लिए परियोजना गुणवत्ता प्रबोधन/तृतीय पक्ष तकनीकी निरीक्षण एजेंसियों (पीक्यूएम/टीपीटीआई) को भी तैनात किया गया है।

*****

अनुबंध-I

"उत्तर-पूर्व विशेष अवसंरचना विकास योजना" विषय पर दिनांक 29 जुलाई, 2026 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने के लिए अतारांकित प्रश्न संख्या 1683 के भाग (ख) में उल्लिखित अनुबंध

नेसिड्स (ओटीआरआई) और नेसिड्स (सड़कें) के तहत जारी निधि का सेक्टर-वार विवरण

(रुपये करोड़ में)

सेक्टर	**नेसिड्स (ओटीआरआई)**		**नेसिड्स (सड़कें)**	
	वित्त वर्ष 2025-26	**वित्त वर्ष 2026-27 (दिनांक 30.06.2026 तक)**	**वित्त वर्ष 2025-26**	**वित्त वर्ष 2026-27 (दिनांक 30.06.2026 तक)**
शिक्षा	307.95	129.98	-	-
अपशिष्ट निपटान	20.84	-	-	-
स्वास्थ्य	172.01	19.94	-	-
विद्युत	55.76	47.41	-	-
विज्ञान और प्रौद्योगिकी	1.82	-	-	-
खेल	4.73	13.00	-	-
पर्यटन और संस्कृति	12.39	22.68	-	-
सड़कें और पुल	-	-	704.66	173.90
जलापूर्ति	123.98	14.73	-	-
कुल	**699.48**	**247.74**	**704.66**	**173.90**

अनुबंध-I (जारी)

नेसिड्स (ओटीआरआई) और नेसिड्स (सड़कें) के तहत जारी निधि का राज्य-वार विवरण

(रुपये करोड़ में)

राज्य	नेसिड्स (ओटीआरआई)		नेसिड्स (सड़कें)	
	वित्त वर्ष 2025-26	वित्त वर्ष 2026-27 (दिनांक 30.06.2026 तक)	वित्त वर्ष 2025-26	वित्त वर्ष 2026-27 (दिनांक 30.06.2026 तक)
अरुणाचल प्रदेश	90.17	10.81	101.43	16.99
असम	316.03	99.35	149.45	9.00
मणिपुर	46.08	33.72	74.12	23.21
मेघालय	27.56	16.94	54.37	2.69
मिजोरम	45.09	24.39	47.07	26.59
नागालैंड	19.34	15.44	133.99	60.22
सिक्किम	104.81	0.00	77.37	11.41
त्रिपुरा	50.40	47.09	66.86	23.79
कुल	**699.48**	**247.74**	**704.66**	**173.90**